दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 09 फरवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 132

## दिल्ली में 27 साल बाद प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है भाजपा

# बीजेपी को बहुमत, आप सत्ता से बाहर, बीजेपी-40, आप- 18 सीटों पर जीत

**नई दिल्ली | आरएनएस**



दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना हो रही है। चुनाव आयोग के मुताबिक 8 सीटों पर भाजपा आगे चल रही है।जबकि 40 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। वही आम आदमी पार्टी 4 सीटों पर आगे चल रही है जबकि 18 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है।

नई दिल्ली विधानसभा सीट से अरविन्द केजरीवाल की हार हो गयी है। वहीं बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की जीत हुई है।दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (ईक्क) को बड़ा झटका लगा है। जंगपुरा विधानसभा सीट से पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया को भारतीय जनता पार्टी (क्चछवक्क) के उम्मीदवार तरविंदर सिंह मारवाह ने हरा दिया है।

इससे पहले 7 फरवरी को चुनाव आयोग ने दिल्ली में पड़े कुल मतदान का आंकड़ा पेश किया था। चुनाव आयोग के मुताबिक, दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों पर कुल 60.54 फीसदी मतदान हुआ था।

दिल्ली में पिछले दो विधानसभा चुनावों में दबदबा बनाने वाली आप ने 2020 के चुनाव में 70 में से 62 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा ने आठ सीटें अपने नाम की थी। दिल्ली में 15 साल तक राज करने वाली कांग्रेस पिछले दो विधानसभा चुनावों में अपना खाता खोलने में विफल रही और इस बार भी उसका प्रदर्शन ऐसा ही रहा है।

दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं, दिल्ली की सत्ता पर 10 साल से काबिज रही आम आदमी पार्टी (आप) को करारी शिकस्त मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और कई दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा।

दिल्ली की 15 से ज्यादा ऐसी सीटें हैं, जहां पर यूपी-बिहार-झारखंड के 30 से 50 फीसदी वोटर तक रहते हैं। कहा जाता है कि इन सीटों पर प्रत्याशियों की हार और जीत में इन वोटरों का अहम रोल रहता है।

द्वारका विधानसभा सीट पर 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी विनय मिश्रा ने जीत हासिल की थी। विनय पूर्वांचल क्षेत्र से आते हैं। लेकिन, 2025 के विधानसभा चुनाव में जनता ने विनय मिश्रा को नकार दिया है और भाजपा के प्रद्युम्न सिंह राजपूत को जीत दिलाई है।

नरेला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ने राज करण खत्री ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी शरद कुमार को मात दी है।

मंगोलपुरी विधानसभा सीट पर भाजपा के राजकुमार चौहान ने जीत हासिल की है। यहां आम आदमी पार्टी दूसरे नंबर पर रही है।

मॉडल टाउन से भाजपा के प्रत्याशी अशोक गोयल ने आम आदमी पार्टी के अखिलेश पति त्रिपाठी को मात दी है।

बुराड़ी विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी के संजीव झा ने जीत हासिल की है। यहां पर जेडीयू के प्रत्याशी को हार मिली है।

करावल नगर से भाजपा प्रत्याशी कपिल मिश्रा ने 23,355 वोट से जीत हासिल की है। यहां पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मनोज कुमार त्यागी को हार मिली है।

सीमापुरी से आम आदमी पार्टी के वीर सिंह धींगान ने जीत हासिल की है।

बादली विधानसभा सीट से भाजपा के दीपक चौधरी ने जीत हासिल की है। आम आदमी पार्टी दूसरे नंबर पर रही है।

किराड़ी विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के अनिल झा ने जीत हासिल की है। भाजपा को यहां पर हार का सामना करना पड़ा है।

खास बात यह है कि आम आदमी पार्टी को उन सीटों पर भी हार मिली है, जिन पर पूर्वांचली मतदाताओं का दबदबा है। यहां आम आदमी पार्टी को हमेशा पूर्वांचली मतदाताओं का साथ मिला। लेकिन, इस बार पूर्वांचली दबदबे वाली सीट पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को हार और भाजपा के प्रत्याशियों को जीत मिली है।

नांगलोई से भाजपा के प्रत्याशी मनोज कुमार शौकीन ने जीत हासिल की है। यहां पर आम आदमी पार्टी दूसरे नंबर पर रही है।

उत्तम नगर विधानसभा में भाजपा के पवन शर्मा ने बड़ी बढ़त बना ली। यहां आम आदमी पार्टी पिछड़ गई।

पटपडग़ंज विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रविंद्र सिंह नेगी ने जीत हासिल की है। यहां से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अवध ओझा को हार का सामना करना पड़ा है।

लक्ष्मी नगर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी अभय वर्मा ने जीत हासिल की है।

संगम विहार विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी चंदन कुमार चौधरी ने जीत हासिल की है। इस सीट पर आप और भाजपा में कांटे की टक्कर थी।

बदरपुर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राम सिंह नेताजी ने 25,888 मतों के अंतर से जीत हासिल की।

पालम विधानसभा सीट से भाजपा के कुलदीप सोलंकी ने जीत हासिल की है। यहां आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा है।

देवली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी प्रेम चौहान को जीत मिली है। यहां पर लोजपा (रामविलास) के प्रत्याशी को करारी हार मिली है।

राजेंद्र नगर विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी उमंग बजाज को जीत मिली है।

## दिल्ली चुनाव में हार के बाद केजरीवाल का बयान आया सामने, कही बड़ी बात

**नई दिल्ली | आरएनएस**



दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम आम आदमी पार्टी के लिए जोर का झटका है। हैट्रिक की कोशिश में पार्टी को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है। वहीं, भाजपा ने 28 साल बाद बड़ी जीत हासिल की है। हार के बाद आप सुप्रीमो केजरीवाल का वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने अपनी हार स्वीकार की है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हार के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा कि हम लोगों के जनादेश को बड़ी विनम्रता से स्वीकार करते हैं। मैं भाजपा को इस जीत के लिए बधाई देता हूं। केजरीवाल ने आगे कहा कि उम्मीद करता हूं कि वे उन सभी वादों को पूरा करेंगे जिनके लिए लोगों ने उन्हें वोट दिया है।

बता दें कि दिल्ली की 13 हॉट सीट्स ऐसी थीं जिन पर सबकी निगाहें टिकी थीं। इनमें से ज्यादातर पर आप मुंह के बल गिरी है। जनता ने उन तीन दिग्गजों को भी खारिज किया जो आप का बड़ा चेहरा माने जाते रहे। सत्येंद्र जैन, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया वो नाम हैं जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा, जेल गए और चुनाव में भी मात मिली। इस बदलाव में ईक्क के अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली और सिसोदिया जंगपुरा सीट से चुनाव हार गए। मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी सीट पर चुनाव जीत गई हैं। सत्येंद्र जैन भी चुनाव हार गए हैं। हार के बाद केजरीवाल बोले- हमें हार स्वीकार है। भाजपा को जीत की बधाई देता हूं। लोगों ने उन्हें बहुमत दिया है। उम्मीद करता हूं जनता की उम्मीदों पर वे खरे उतरेंगे।

## दिल्ली के गुनाहगारों को लोग माफ नहीं करेंगे : अलका लाम्बा

**नई दिल्ली | आरएनएस**



दिल्ली विधानसभा चुनाव के शुरुआती रुझानों में कांग्रेस भले ही कहीं नजर नहीं आ रही है लेकिन पार्टी के महिला संगठन की राष्ट्रीय प्रमुख एवं कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लाम्बा ने कहा है कि चुनाव के रुझान जो भी हों, लेकिन दिल्ली के गुनाहगारों को जनता माफ नहीं करेगी।

श्रीमती लाम्बा ने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा, मैं आज सुबह सबसे पहले कालकाजी मंदिर गई हूं। मुझे नहीं मालूम कि दिल्ली में किसका फायदा हो रहा है और किसका नुकसान हो रहा है लेकिन मुझे मालूम है कि दिल्ली के लोग दिल्ली के गुनाहगार को माफ नहीं करेंगे। जिसने दिल्ली का नुकसान किया है उसका नुकसान हो रहा है, यह तय है।

इस बीच कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के रुझानों पर कहा हम राजनीतिक लोग हैं और गलतियां हो सकती हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में कमी रही है और हम इसको स्वीकार करते हैं। उन्होंने भाजपा के आरोप पर कहा कि इस पार्टी का कोई प्रचार तब तक पूरा नहीं होता है, जब तक गांधी परिवार को भला बुरा नहीं कहते हैं। तीन दिन की यात्रा पर अपने संसदीय क्षेत्र के लिए कुन्नूर पहुंची पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने चुनाव परिणामों को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखाते हुए पत्रकारों के सवाल पर कहा, मुझे नहीं मालूम कि दिल्ली विधानसभा के परिणाम का क्या रुझान है।

## आप के चुनाव हारते ही दिल्ली सचिवालय सील, प्रशासन ने अधिकारियों को जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली | आरएनएस**



दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों की मतगणना के बीच प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। हाल ही में भाजपा की जीत के बाद चुनावी हलचल में बढ़ोतरी को देखते हुए, सरकारी दस्तावेजों और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया गया है। संयुक्त सचिव प्रदीप तायल ने अधिकारियों को तुरंत दिल्ली सचिवालय पहुँचने का आदेश जारी करते हुए कहा कि, सुरक्षा चिंताओं और रिकॉर्ड्स की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, यह अनुरोध किया जाता है कि प्रशासनिक विभाग की अनुमति के बिना कोई भी फाइल, दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर आदि दिल्ली सचिवालय परिसर से बाहर न ले जाया जाए। इसके अतिरिक्त, आदेश में निर्देश दिया गया है कि दिल्ली सचिवालय में स्थित सभी विभागों और कार्यालयों के ब्रांच इंचार्ज अपने-अपने सेक्शन में रिकॉर्ड्स, फाइलों, दस्तावेजों तथा इलेक्ट्रॉनिक फाइलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करें। इस निर्णय का उद्देश्य चुनावी माहौल में सरकारी दस्तावेजों और डेटा की सुरक्षा को मजबूत करना है। प्रशासन ने यह कदम उठाकर सुरक्षा संबंधी किसी भी संभावित जोखिम को कम करने का प्रयास किया है।

## कोयला आयात कम करना, घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर मुख्य फोकस : मंत्री

**नई दिल्ली | आरएनएस**



भारत सरकार ने एक बार फिर दोहराया है कि कोयले के आयात को कम करना और घरेलू उत्पादन बढ़ाना उसकी प्राथमिकता है। कोयला क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार है और देश के औद्योगिक व आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। भारत के पास दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है और यह कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। देश की कुल ऊर्जा जरूरतों का 55 प्रतिशत कोयले से पूरा होता है।

देश में लगभग 74 प्रतिशत बिजली उत्पादन ताप विद्युत संयंत्रों (थर्मल पावर प्लांट) पर निर्भर है। इसलिए एक मजबूत और टिकाऊ कोयला क्षेत्र की जरूरत बनी रहती है, यह बात कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कही। उन्होंने यह भी बताया कि कोयला मंत्रालय इस क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

सरकार के प्रयासों से आयातित कोयले पर निर्भरता कम हुई है। अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच कोयला आयात में 5.35 प्रतिशत की कमी आई, जिससे लगभग 3.91 अरब डॉलर (30,007.26 करोड़ रुपये) की बचत हुई। खासकर, घरेलू बिजली संयंत्रों में उपयोग होने वाले कोयले का आयात 23.56 प्रतिशत घटा है।

मंत्रालय की 'मिशन कोकिंग कोल' योजना का लक्ष्य 2029-30 तक देश में कोकिंग कोल का उत्पादन बढ़ाकर 140 मिलियन टन (एमटी) करना है, जिससे इस्पात क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम हो सके।

भारत का कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में 997.82 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो 2014-15 में 609.18 मिलियन टन था। पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र की औसत वार्षिक वृद्धि दर 5.64 प्रतिशत रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में उत्पादन में पिछले साल की तुलना में 11.71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

जनवरी 2025 तक कोयला मंत्रालय ने 184 खदानों का आवंटन किया, जिनमें से 65 को खनन शुरू करने की अनुमति मिल चुकी है। इन खदानों से कुल 136.59 मिलियन टन कोयले का उत्पादन हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 34.20 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में उत्पादन 170 मिलियन टन से अधिक होने की उम्मीद है।

आठ कोर उद्योगों में कोयला क्षेत्र ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है, दिसंबर 2024 में इसमें 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इसके अलावा, भारतीय रेलवे की माल ढुलाई से होने वाली कुल आय का लगभग 50 प्रतिशत कोयला परिवहन से आता है। साथ ही, कोयला क्षेत्र में लगभग 4.78 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला हुआ है।

## गोपालगंज : पुलिस मुठभेड़ में मारा गया 50 हजार का इनामी मनीष यादव, जवान भी गोली लगने से घायल

**गोपालगंज | आरएनएस**



बिहार के गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और कुख्यात अपराधी के बीच हुई मुठभेड़ में एक इनामी बदमाश मारा गया। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के भी घायल होने की सूचना है।

बताया जा रहा है कि मृतक अपराधी पर 50 हजार का इनाम था। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मुठभेड़ की यह वारदात गोपालपुर थाने के रामपुर खुर्द गांव के पास नहर पर हुई। बताया गया कि कुख्यात अपराधी मनीष यादव किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचा था, जिसकी जानकारी पुलिस को हो गई।

बिहार एसटीएफ और गोपालगंज पुलिस की टीम अपराधी की तलाश में निकली। पुलिस ने मनीष यादव को चारों तरफ से घेराबंदी करने के बाद सरेंडर करने के लिए कहा लेकिन उसने ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें मनीष गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में इसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि मृतक अपराधी पर सरकार की ओर से 50 हजार का इनाम घोषित था, जिसकी तलाश कई मामलों में थी। मृतक मनीष यादव उचकागांव थाना क्षेत्र के भगवान टोला का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में गोली लगने से एसटीएफ का जवान रोशन कुमार जख्मी हो गया है, जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## अलास्का में लापता विमान हुआ हादसे का शिकार, बर्फ पर मिला मलबा; सभी 10 यात्रियों की मौत

**अलास्का**



पश्चिमी अलास्का में नोम समुदाय के लिए जाना वाला एक छोटा यात्री विमान शुक्रवार को हादसे का शिकार हो गया था। अब सामने आई एक जानकारी के मुताबिक, उसमें सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी तट रक्षक के प्रवक्ता माइक सालेर्नो ने बताया कि बचावकर्मी हेलीकॉप्टर से विमान की खोज कर रहे थे, तभी उन्हें मलबा दिखाई दिया। उन्होंने जांच के लिए 2 बचाव तैराकों को उतारा। जानकारी के मुताबिक, उड़ान के करीब एक घंटे के अंदर विमान का संपर्क टूट गया था।

बेरिंग एयर का एकल इंजन वाला टर्बोप्रॉप विमान गुरुवार दोपहर को 9 यात्रियों और 1 पायलट के साथ उनालाकलीट से रवाना हुआ था। बेरिंग एयर के संचालन निदेशक डेविड ओल्सन ने बताया कि सेसना कारवां दोपहर 2:37 बजे उनालाकलीट से रवाना हुआ था। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, हल्की बर्फबारी और कोहरा था, तापमान माइनस 8.3 सेल्सियस था। विमान के बारे में एयरलाइन के विवरण के अनुसार, यह अपनी अधिकतम यात्री क्षमता पर काम कर रहा था।

## अमेरिका से 487 अवैध भारतीय प्रवासियों को निकालने का आदेश जारी

**न्यूयॉर्क**




अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप सख्त फैसले ले रहे है। 104 भारतीय प्रवासियों को वापस भारत भेजे जाने के बाद अब अमेरिका ने 487 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजने के लिए चिह्नित किया है। इनमें से 298 लोगों के बारे में जानकारी दी गई है।

केंद्र सरकार ने बताया कि उन्हें अमेरिकी अधिकारियों ने बताया है कि 487 संभावित भारतीय नागरिक हैं जिनके पास अंतिम निष्कासन आदेश हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत ने इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका से निर्वासित अवैध प्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार के मुद्दे को उठाया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर की तरफ से संसद में इस मुद्दे पर विस्तृत बयान दिए जाने के एक दिन बाद, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि नई दिल्ली ने लोगों को वापस लाने की स्थिति के बारे में वाशिंगटन के समक्ष अपनी चिंताएं दर्ज कराई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले सप्ताह फ्रांस और अमेरिका की यात्रा से पहले मीडिया ब्रीफिंग के दौरान मिस्री ने कहा, यह मुद्दा उठाना जायज है और मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम इन सभी मामलों के संबंध में अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं।

**अमेरिका में 7.25 लाख अवैध अप्रवासी भारतीय**

प्यू रिसर्च के अनुसार, अमेरिका में 7 लाख 25 हजार से ज्यादा अवैध अप्रवासी भारतीय रहते हैं। इमिग्रेशन एंड कस्टम एनफोर्समेंट ने नवंबर 2024 में बताया था कि अब तक बिना वैध दस्तावेज वाले 20,407 भारतीयों को चिह्नित किया है। इनमें से 2,467 भारतीय इमिग्रेशन एंड कस्टम एनफोर्समेंट के डिटेंशन सेंटर्स में कैद थे। इन्हीं में से 104 को हाल में भारत डिपोर्ट किया गया। इसके अलावा 17,940 भारतीय ऐसे हैं, जिन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन उनके पैरों में डिजिटल ट्रैकर (एंकल मॉनीटर) लगाए गए हैं। ढ्ढष्टश्व इनकी लोकेशन चौबीसों घंटे ट्रैक करती है।

बता दें कि बुधवार को सी-17 अमेरिकी सैन्य विमान में जंजीरों और बेड़ियों से बंधे 104 भारतीय प्रवासियों को वापस भारत भेजा गया था। प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार को अमृतसर में उतरा। ये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के तहत पहला सामूहिक निर्वासन था। इस विमान में 104 भारतीय सवार थे। इन भारतीयों ने अवैध चैनलों के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास किया था। कथित तौर पर इन भारतीयों को उड़ान के दौरान उन्हें बेड़ियों और बंधनों जकड़ा गया था।